हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 16 नवम्बर, 2026/25, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 18

योजनाएं

1952 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग की कितनी योजनाओं का कार्य प्रगति पर है तथा कितनी पूर्ण हो चुकी हैं; योजनावार ब्यौरा दें;

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक उक्त क्षेत्र में ऐसी कुल कितनी योजनाएं हैं, जिनका निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी संचालन आरम्भ नहीं किया गया है; और

(ग) ये योजनाएं कब से बनकर तैयार हैं व इन्हें आरंभ न करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा कारणों सहित योजनावार दें?

विकास कार्य

1953 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वित्तीय वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग मण्डल जोगिन्द्रनगर को कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) इस अवधि में कितनी धनराशि व्यय की गई व कितनी शेष है; वित्तीय वर्षवार एवं योजनावार ब्यौरा दें;

(ग) इस धनराशि से कौन-कौन से विकासात्मक कार्य करवाए गए; ब्यौरा कार्य के नाम, स्थान, संबंधित योजना का नाम, स्वीकृत धनराशि, कार्य की अद्यतन स्थिति तथा व्यय की गई धनराशि सहित दें; और

(घ) इस अवधि में इन कार्यों हेतु जिन ठेकेदारों को कार्य आबंटित किए गए हैं, उनके नाम, कार्य आबंटन की तिथि, स्वीकृत निविदा राशि तथा प्रत्येक कार्य के तहत ठेकेदारों को किए गए भुगतान एवं शेष धनराशि का कार्यवार ब्यौरा दें?

विद्युत सुविधा

1954 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भरमौर एवं पांगी के कितने आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध नहीं हैं; प्रत्येक केंद्र को विद्युत सुविधा देने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की गई तथा शेष केंद्रों में विद्युत कनेक्शन कब तक उपलब्ध करवाए जाएंगे; ब्यौरा दें?

परियोजना प्रभावितों को सहायता राशि

1955 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जी0एम0आर0 होली की एन0एच0पी0सी0 III एवं जे0एस0डब्ल्यू0 कुठेड़ जलविद्युत परियोजनाओं के अंतर्गत परियोजना प्रभावित क्षेत्रों हेतु LADA, CSR, R&R एवं CER मदों में वर्षवार, मदवार एवं पंचायतवार कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत, आबंटित व व्यय की गई; पृथक-पृथक ब्यौरा मदवार दें; और

(ख) क्या सरकार को इन निधियों के असमान वितरण अथवा वित्तीय अनियमितताओं संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं; यदि हां, तो क्या सरकार आबंटन, निविदा प्रक्रिया एवं कार्यों के भौतिक सत्यापन हेतु स्वतंत्र विशेष ऑडिट अथवा उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करेगी; यदि नहीं, तो कारण?

रोजगार

1956 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सलून गांव के कितने परिवार विद्युत परियोजना से प्रभावित हुए तथा कितने प्रभावितों को परियोजना में स्थायी रोजगार प्रदान किया गया;

(ख) प्रभावित परिवारों को स्थायी रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु सरकार एवं परियोजना प्रबंधन द्वारा क्या प्रयास किए गए तथा उनका क्या परिणाम रहा; और

(ग) क्या परियोजना प्रबंधन के साथ प्रभावितों को रोजगार देने संबंधी कोई समझौता अथवा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति लागू है; ब्यौरा दें?

अकादमी सम्मान

1957 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार प्रदेश के लेखकों को हिमाचल प्रदेश अकादमी सम्मान देने व प्रदेश के लेखकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं में बढ़ोतरी करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) क्या सरकार अन्य जिलों की तर्ज पर कांगड़ा जिले में ऑडिटोरियम अथवा सांस्कृतिक सदन बनाने का विचार रखती है; और

(ग) सरकार हिमाचली बोली को संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित करने हेतु केन्द्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

---

25 मैगावाट परियोजनाएं

1958 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में 25 मैगावाट तक की कुल कितनी परियोजनाएं चल रही हैं; ब्यौरा परियोजनावार दें;

(ख) ये परियोजनाएं कितने वर्षों से चल रही हैं तथा इनसे प्रदेश सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हो रहा है; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ग) क्या इन सभी परियोजनाओं की लीज-डीड का नवीनीकरण हो गया है; लीज-डीड का अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

स्वीकृत / रिक्त पद

1959 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पुलिस थाना करसोग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत तथा वर्तमान में कितने पद भरे व रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

पुलिस थाना करसोग

1960 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पुलिस थाना करसोग के भवन निर्माण का कार्य काफी समय से अधूरा है तथा कार्य भी नहीं हो रहा है; यदि हां, तो क्या इस कार्य को पूर्ण करने हेतु उचित धनराशि स्वीकृत की गई थी तथा इस कार्य को अब तक पूर्ण न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार शेष कार्य को पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत करने का विचार रखती है; यदि हां, तो यह कब तक स्वीकृत की जाएगी; ब्यौरा दें?

डिपो धारक

1961 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में कितने सरकारी एवं निजी राशन डिपो संचालित हैं तथा इनमें कितने डिपो धारक कार्यरत हैं; ब्यौरा दें?

रिक्त पद

1962 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला चम्बा में ऐसे कितने स्कूल हैं, जिनमें एक या दो ही अध्यापक कार्यरत हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार ऐसे स्कूलों में अध्यापकों की भर्ती करने का विचार रखती है, जिनमें अध्यापक या तो प्रतिनियुक्ति पर हैं या एक ही अध्यापक कार्यरत है; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार जिला चम्बा में नए स्कूल खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

आनी कस्बे का नाम

1963 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला चम्बा में पंचायती राज विभाग के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; श्रेणी व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें,

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नवगठित पंचायतों में कितने पंचायत भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कितने पंचायत भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है; ब्यौरा दें;

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसी कितनी पंचायतें हैं जहां पंचायत सचिव के पद रिक्त हैं अथवा अन्य पंचायतों के सचिवों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(घ) क्या सरकार पंचायत सचिवों के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो कारण?

आनी कस्बे का नाम

1964 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि आनी कस्बे के विकास हेतु रानी श्रद्धेया ने राजा रघुवीर सिंह की स्मृति में लगभग 88 बीघा भूमि सरकार को दान की थी तथा भूमि हस्तांतरण के साथ आनी का नाम 'रघुवीर सिंह नगर आनी' रखने की शर्त जुड़ी थी;

(ख) क्या सरकार 88 बीघा भूमि के मूल हस्तांतरण दस्तावेजों, नामकरण संबंधी शर्तों, राजस्व अभिलेखों एवं तत्कालीन सरकारी आदेशों की जांच करवाकर सदन में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाएगी ताकि भूमि दान के उद्देश्य, ऐतिहासिक पहचान तथा प्रशासनिक जिम्मेदारी की आधिकारिक पुष्टि हो सके ; और

(ग) क्या वर्ष, 1980 के करीब सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में उक्त नाम प्रचलित था लेकिन वर्ष, 1990 के बाद सरकारी अभिलेखों से इसका उपयोग बंद हो गया है; यदि हां, तो कारण तथा क्या सरकार ऐतिहासिक नाम को पुनः प्रचलित करने अथवा आधिकारिक मान्यता देने पर विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

सड़कों की दयनीय स्थिति

1965 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत निरमंड, दलाश एवं नित्थर क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग के अधीन बहना - दलाश कडागाई, दलाश-गूंगी, सोईधार-गूंगी, रूना नगाली-दलाश, जाजर-दलाश, बागीपुल-जाओं, ठारला-सगोफा, काँडा-कतमोर, बागीपुल-बागासराह, टिकरी कैंची-चुनागई, डीम-शील जुआगी, धनुधार-त्वार, पूजरली, सिरकोटि-कथांडा, अरसू-ठारवा, बायल-कोयल, पजेंडा-इश्वा, शमानी, ठान्स-गुशैनी, शरशाह, मारगी, देवडान्क-केदस, घाटू, कलारस - खरै, निरमंड - बागीपुल, उर्टू, नित्थर सड़क, तुनन जीरो पॉइंट-चाटी पुल, देऊरी-बुजरीखड्ड, वालू-ब्लेहड-जूहड, वालू कैंची-लोट, लोट-निचली फनौटी जूहड, कमांद कैंची-सैंज रोपा, श्वारी कैंची-लगोटी, करशाला कैंची-रोहचडा, पनोऊ नाला-कशैल रचा मरहार, लोट-बनाला, टकरासी-बाया बहाली अपर कोलता, वहली-दारण, जवाली नाले-निचला कोलता, राणावाग-सैरी, कुठेड़ करशाला, कैंची-टकरासी, जोहड़-दम्पदा चरमोट, शूश कैंची-जमाला, खेउग नाले-अपर बाश्वल, चजुट-बाश्वल, कुअनु-मनोआ, मदाटन-मनोआ, बैटली नाले-शकरान, बंशा-कलागी मरोगी, मुईन, बैटली नाले से चलाउगी,वंश-खकाउट डिगड-सांतेड़, कुशलहल-पकरेड, मैन रोड-सीन, तीदर, कूई नाल, काण्डाधार-फारबॉग-थाच, रोहीनाला-पनऊ, टिप्पर नाल-लेदर(घलाच), बेटोड-मालछानी,टिप्पर, पनेऊ मेन रोड-चेबल, जावो-

जेरी, जरी कैंची-सम्पल-रिश्त मिश्ता वाड़ी, पटारना कैंची-चहलौण, शाऊल कैंची-रोपा, चेर्वी-डीडीधार वैथेल, बरगयू सौ, मशन्नू नाला-बग तोरी, कांडा-फुर्खायी, खून-शगागीधारा मोड़-भारगोलखड़ सड़कें खस्ताहाल स्थिति में हैं; यदि हां, तो इन सड़कों के सुधार एवं मरम्मत हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत अथवा प्रस्तावित है तथा इन सड़कों का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

पर्यटन परियोजना

1966 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में पर्यटन विकास एवं अधोसंरचना हेतु केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; वर्षवार एवं योजनावार स्वीकृत, प्राप्त तथा वास्तविक व्यय धनराशि का ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में विभिन्न जिलों में कितनी नई पर्यटन परियोजनाएं स्वीकृत हुईं तथा कितनी पूर्ण, निर्माणाधीन या लंबित हैं; प्रत्येक की लागत, स्वीकृति की तिथि, प्रारंभ तिथि एवं व्यय सहित जिलावार ब्यौरा दें;

(ग) जिला कुल्लू तथा विशेष रूप से आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत एवं व्यय की गई धनराशि, विकसित पर्यटन स्थलों तथा स्वीकृत परियोजनाओं का स्थानवार ब्यौरा दें; और

(घ) कुल्लू जिला एवं आनी क्षेत्र में जिन परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ अथवा समय पर पूर्ण नहीं हुआ, उनके कारण, व्यय, शेष धनराशि व समय-सीमा क्या है व आगामी वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित नई परियोजनाओं एवं धनराशि का ब्यौरा दें?

राज्य कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर

1967 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में राज्य कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हेतु अपनाई जा रही प्रक्रिया पर प्रतिभागियों द्वारा सवाल उठाए गए हैं तथा क्या इस प्रक्रिया के सबंध में कोई मामला न्यायालय/माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ख) नॉर्मलाइजेशन के माध्यम से अलग-अलग शिफ्टों में परीक्षा देने वाले प्रतिभागियों में अंक विभाजन की प्रक्रिया/SOP की प्रति सभा पटल पर रखें?

Government Degree College, Barsar

1968 Sh. Inder Dutt Lakhanpal (Barsar):

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a the category-wise details of sanctioned strength, filled-up and vacant posts along with details of the date since they have remained vacant for teaching and non-teaching staff in Government Degree College, Barsar, District Hamirpur as on 01.11.2026; and

(b) whether the Government has taken any steps to fill-up the vacant teaching and non-teaching posts in this college; if so, the details thereof and the timeline by when these posts are likely to be filled?

चंदन का अवैध कटान

1969 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 01.11.2026 तक चंदन के अवैध कटान के कितने तस्कर पकड़े गए तथा उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई; और

(ख) चंदन के अवैध कटान को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

11 नवम्बर, 2026. **सचिव**